# तत्सम - तद्भव

**शब्द :-** ① सार्थक (अर्थ के साथ) → रोटी / जल / घर / चाय

② निरर्थक (अर्थ के बिना) → वोटी / वल / वर / वाय

## ① बनावट के आधार शब्द → ③

① रूढ़ शब्द ② यौगिक ③ योगरूढ़

## ② उत्पत्ति के आधार पर शब्द → ④

1. तत्सम
2. तद्भव
3. देशज
4. विदेशज

Q) रामपाल जी की बेटी शहर में बड़ी ____ बनी है।
रिक्त स्थान की पूर्ति विदेशज शब्द से कीजिए।

(A) छात्रा **(B) अफसर** (C) नेता (D) अभिनेत्री

## ① तत्सम :-

तत् + सम
↓ ↓
उसके समान (संस्कृत)

**① परिभाषा :-** वे शब्द जो संस्कृत भाषा से आए हैं और उनका प्रयोग हम हिन्दी में बगैर किसी बदलाव के करते हैं, वे शब्द तत्सम शब्द कहलाते हैं।

**उदाहरण :-** गेहूँ → **गोधूम**

घर → **गृह**

**तत्सम शब्द की पहचान :-** ① संयुक्त वर्णों का प्रयोग तत्सम शब्दों

में किया जाता है।

संयुक्त वर्ण → क्ष, त्र, श्र, ज्ञ

② ं अनुस्वार का प्रयोग तत्सम शब्द में किया जाता है।

अँधा → अंध

③ श, ष, व का प्रयोग हमेशा तत्सम शब्दों में होता है।

आसाढ़ → आषाढ़
बँदर → वानर

④ आधा वर्ण, ऋ का प्रयोग तत्सम शब्दों में किया जाता है।

अदरक → आर्द्रक    ऋषि, शृंगार

**विशेष / Note:–** जो शब्द बोलने में, लिखने में कठिन होते हैं, वे शब्द तत्सम (संस्कृत) के होते हैं।

## तद्भव:–

तत् + भव
↓ ↓
उससे उत्पन्न होने वाले शब्द

**परिभाषा:–** जो शब्द संस्कृत से थोड़ा-सा बदलाव (परिवर्तन) करके हिन्दी भाषा में प्रयोग किए जाते हैं, वे शब्द तद्भव शब्द कहलाते हैं।

**पहचान:–** ड़, ढ़, ख; स, ह, ँ सभी वर्ण तद्भव शब्दों में आते हैं।

| तद्भव | चाँद | खेत | कबूतर | आग |
|---|---|---|---|---|
| तत्सम | चंद्र | क्षेत्र | कपोत | अग्नि |